जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/प्रशा0/स्था0/2011/855 दिनांक :28.03.12

चेतावनी पत्र

प्रति,

समस्त संबंधित प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त संबंधित महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर से सम्बद्ध

विषयः– स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर एव स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की मुख्य एवं ए.टी.के.टी परीक्षा दिसम्बर, 2011के PR/Viva/CCE/ के सम्पूर्ण ऑनलाईन अपडेट अंक सलंग्न कर विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा वि.वि.कार्यालय में जमा कराये जाने बावत्

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित हुई स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर एव स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2011की मुख्य एवं ए.टी.के.टी परीक्षायें समाप्त हो चुकी है. विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा उक्त परीक्षाओं के PR/CCE/ Viva के सम्पूर्ण ऑनलाईन अपडेट (F/CF) अंक अब तक वि.वि. कार्यालय में जमा नही गये हैं, जिससे परिणाम घोषित करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है. जबकि उच्च शिक्षा विभाग,म0प्र0शासन के स्पष्ट निर्देश है कि समस्त परीक्षाओं का परिणाम शीघ्रतिशीघ्र घोषित किया जाना है.

अतः, संबंधित परीक्षा में सम्मिलित छात्र–छात्राओं के प्रोजेक्ट/वायवा तथा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपडेट किये हुये (F/CF) अंकों की मूल प्रतियां एवं प्रायोगिक/वायवा के हस्तलिखित अकों की मूलप्रति दिनांक 30.3.2012 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराये, ताकि आपके महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके, यदि निश्चित समयावधि में उक्त अंकों को जमा नही कराया जाता है, तो आपके महाविद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित नही किया जावेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व समंबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा साथ ही संबंधित महाविद्यालय के प्रति छात्र 1000/– रू. शुल्क के साथ अंक मान्य किये जावेगें **(दिनांक 19.1.2012 के कार्यविवरण में कुलपति जी के आदेशानुसार)**

परीक्षा के आवश्यक कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित है.

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
1.आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन,भोपाल
2कुलपतिजी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर
3.कुलसचिव के निजी सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)